**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग**

**यात्रा टिप्पणी (दिनांक 01-11-2013 से 10-11-2013 तक)**

**दिनांकः- 04-11-2013**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के राँची क्षेत्रीय कार्यालय में काम किया। कार्यालय में उपस्थित रहने के दरम्यान अनुसूचित जनजाति के सदस्यगण मिले और उन्होनें अपनी शिकायतें दर्ज की। उनकी मुख्य शिकायत बिजली ट्रांसफार्मर के संबंध में थी। मैंने दूरभाष से अधीक्षण अभियन्ता, बिजली विभाग से अनुरोध किया कि यथाशीघ्र बिजली ट्रांसफार्मरों की संबंधित गाँव में आपूर्ति की जाए।

**दिनांक :- 05-11-2013**

लोहरदगा शहर के स्थानीय आदिवासी बाहुल्य मोहल्ले में भ्रमण किया तथा उनकी समस्याओं को सुना, निदान के लिए जिला उपायुक्त से वार्ता की।

**दिनांक :- 06-11-2013**

गुमला जिला के पदाधिकारियों से अनुसूचित जनजाति संबंधित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। जिला उपायुक्त गुमला से PMGSY एवं MSDP के संबंध में विमर्श हुआ तथा इस संबंध में जिला उपायुक्त द्वारा प्रगति की जानकारी दी गई। टोटो, कोटाम, सीसी एवं कतरी गाँव का भ्रमण किया यहाँ आदिवासी एवं अन्य जनों से इस क्षेत्र की समस्याओं के विषय में सुनवाई की। लोगों ने कतरी डैम के ऊपर बने रोड़ की मरम्मती हेतू अनुरोध किया। ताड़, डांड़ (सीसी) पेयजल की समस्या के विषय में बताया गया तथा सलाह दी की भीरवा उराँव की जमीन में कुँआ बनवाया जाए। शनिचर उराँव, ग्राम-चुरू ने इंदिरा आवास एवं कुँआ निर्माण का अनुरोध किया इन सभी समस्याओं के विषय में जिला उपायुक्त को बताया गया एवं समाधान की सलाह दी गई।

**दिनांक :- 07-11-2013**

ग्राम सीलम में गया जहाँ 7-8 गाँव के आदिवासीजन एकत्रित थे, उन्होनें गाँव की समस्या के विषय में बताया जिला-पदाधिकारियों को इसे नोट कराया गया।

**दिनांक :- 08-11-2013**

निम्नांकित गाँव का भ्रमण किया।

1. भरनों
2. शमशेरा
3. करनजटोली
4. रायकेटा
5. हमलिया (बांध टोली)

यहाँ के आदिवासीजनों की समस्याएँ सूनी तथा बी.डी.ओ. को समाधान की सलाह दी। इनकी मुख्य समस्याएँ ट्रान्सफार्मर, सड़क की मरमम्ती, मनरेगा के तहत रोजगार, भुगतान आदि से थी।

70/CP/2014
21/01/2014.

रामेश्वर उराँव

(डॉ. रामेश्वर उराँव)

**अध्यक्ष**